No. of Printed Pages : 3

Serial No. 50000593

# BTCT – 52

## सामान्य हिन्दी एवं निबन्ध
## GENERAL HINDI AND ESSAY

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

विशेष अनुदेश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने लिखे हैं ।

(iii) निर्धारित स्थान को छोड़कर अन्यत्र कहीं भी अनुक्रमांक और नाम, पता, टेलीफोन नम्बर आदि न लिखें ।

Specific Instructions : (i) **All** questions are **compulsory**.

(ii) Marks allotted for **all** questions is indicated against it.

(iii) **Do not** write your Roll No., Name, Address, Telephone No. etc. in any other space except space allowed for it.

### प्रथम खंड
### (सामान्य हिन्दी)

1. नीचे दिये गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये एवं उससे संबन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

मानव-शरीर का अध्ययन करने वाले प्राणि-विज्ञानियों का निश्चित मत है कि मानव-चित्त की भांति मानव-शरीर में भी बहुत सी अभ्यास-जन्य सहज वृत्तियाँ रह गई हैं । दीर्घकाल तक उनकी आवश्यकता रही है । अतएव शरीर ने अपने भीतर एक ऐसा गुण पैदा कर लिया है कि वे वृत्तियाँ अनायास ही, और शरीर के अनजान में भी, अपने-आप काम करती हैं । नाखून का बढ़ना उसमें से एक है, केश का बढ़ना दूसरा है, दाँत का दुबारा उठना तीसरा है, पलकों का गिरना चौथा है । असल में सहजात वृत्तियाँ अनजान की स्मृतियों को ही कहते हैं । हमारी भाषा में भी इसके उदाहरण मिलते हैं । अगर आदमी अपने शरीर की, मन की और वाक् की अनायास घटने वाली वृत्तियों के विषय में विचार करे, तो उसे अपनी वास्तविक प्रवृत्ति पहचानने में बहुत सहायता मिले । पर सोचता कौन है ? सोचता तो क्या उसे इतना भी पता नहीं चलता कि उसके भीतर नख बढ़ा लेने की जो सहजात वृत्ति है, वह उसके पशुत्व का प्रमाण है । उन्हें काटने की जो प्रवृत्ति है, वह उसकी मनुष्यता

P.T.O.

6. (क) निम्नलिखित शब्दों के एक–एक बहुप्रचलित पर्याय शब्द लिखिए : 5

अनृत, कलत्र, अमर्ष, कृशानु, अजिर

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(अ) किसी भी तरह उसे बुलाओ ।

(ब) अपनी सामर्थ के अनुसार कार्य करना चाहिए ।

(स) दो मित्रों में झगड़े का हेतु समझ नहीं पड़ता ।

(द) उसे भारी मार पड़ी ।

(ज्ञ) यह असली बसरा का मोती है ।

## द्वितीय खंड
## (निबन्ध)

7. उपखंड 'क' और 'ख' से एक–एक निबंध लिखिए । प्रत्येक निबंध की शब्द–सीमा 700 शब्द है : *(50×2=100)*

### (क)

(अ) साहित्य और जीवन मूल्य

(ब) ऑनलाइन शिक्षा : चुनौतियाँ और संभावनाएँ

(स) परंपरागत कृषि का भविष्य

### (ख)

(अ) मेक इन इंडिया : एक सशक्त भारत का स्वप्न

(ब) पर्यावरण असंतुलन और जैव विविधता

(स) कोविड 19 : एक वैश्विक आपदा

की निशानी है और यद्यपि पशुत्व के चिन्ह उसके भीतर रह गए हैं, पर वह पशुत्व को छोड़ चुका है। पशु बनकर वह आगे नहीं बढ़ सकता। उसे कोई और रास्ता खोजना चाहिए। अस्त्र बढ़ाने की प्रवृत्ति मनुष्यता की विरोधिनी है।

(अ) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिये। 6

(ब) 'सहजात वृत्तियाँ' क्या हैं ? स्पष्ट कीजिये। 5

(स) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिये। 4

(द) गद्यांश का मूल-भाव संक्षेप में प्रस्तुत कीजिये। 10

2. कार्यालय आदेश एवं अधिसूचना में अंतर स्पष्ट करते हुए दोनों के एक-एक उदाहरण दीजिये। 20

3. संधि किसे कहते हैं ? स्वर संधि के भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिये। 10

4. (क) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : (2½×4=10)

(अ) कृपया मुझे अपना मत रखने का अवसर दीजिए।

(ब) महोदय, आपके आदेश पर उचित कार्रवाई की जा रही है।

(स) बच्चों के उचित विकास के लिए शिक्षा की उचित व्यवस्था आवश्यक है।

(द) यदि इतिहास किसी राष्ट्र की जीवनी है तो साहित्य उस राष्ट्र की आत्मकथा होती है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (2½×4=10)

(अ) This soup is absolutely delicious.

(ब) Constitution means the basic rules of a country.

(स) We were impressed by the professionalism of the staff.

(द) When nature fails, art finishes the job.

5. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिये : (5×3=15)

(अ) नौ दिन चले अढ़ाई कोस

(ब) एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा

(स) जैसे कन्ता घर रहे वैसे रहे विदेश

(द) घड़ों पानी पड़ना

(ज) का वर्षा जब कृषि सुखाने